अपराधों पर पूर्ण रोक लगाने व लंबित वादों का निस्तारण करने के दिशा निर्देश

31 मार्च तक करें शत-प्रतिशत राजस्व वसूली

पिथौरागढ़

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

जिलाधिकारी सी. रविशंकर ने शनिवार को जिला कार्यालय सभागार में मासिक स्टॉफ बैठक ली जिसमें उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को जनपद में अपराधों पर पूर्ण रोक लगाने, विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों का निस्तारण किए जाने, मोटर दुर्घटनाओं को कम किए जाने, राजस्व वसूली को 31 मार्च तक शत-प्रतिशत किए जाने, अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रोक लगाए जाने हेतु नियमित छापेमारी की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों की नियमित पुलिस एवं राजस्व पुलिस क्षेत्रवार समीक्षा की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण हेतु अधिकारी पूर्ण ईमानदारी, निष्ठापूर्वक कार्य करें। प्रत्येक अपराधी को उसके द्वारा किए गए अपराध का दण्ड अवश्य मिले, इस हेतु न्यायालयों में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं। इसके अतिरिक्त गवाहों की न्यायालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति कराने के साथ ही सभी शासकीय अधिवक्ता तहसील स्तर पर तैयार रोस्टर के अनुसार कार्य करते हुए मजबूत पैरवी करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलामजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि वह सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को अपने न्यायालय में बैठक कर लंबित वादों का निस्तारण करें। अधीनस्थ न्यायालयों में कोई भी वाद अधिक समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को नियमित रूप से माह में दर्ज तथा लंबित अपराधों की समीक्षा किए जाने, ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम हेतु नियमित छापामारी की कार्यवाही किए जाने, सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों का समय समय पर सत्यापन करने, वन भूमि हस्तान्तरण प्रकरणों की समीक्षा कर उनका निस्तारण किए जाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान वर्तमान तक संपूर्ण जनपद में मात्र 42 प्रतिशत वसूली पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की तथा समस्त उपजिलाधिकारियों को आगामी 31 मार्च तक शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस तहसील क्षेत्र से राजस्व वसूली कम होगी, सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को वार्षिक प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को अवैध शराब की बिक्री की पूर्ण रोकथाम हेतु एक अभियान के अन्तर्गत छापामारी की कार्यवाही किए जाने, पंजीकृत मदिरा की दुकानों का नियमित निरीक्षण किए जाने के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी को दिए। पूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्ति विभाग को जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में माइग्रेशन से पूर्व अधिक मात्रा में खाद्यान्न आपूर्ति हेतु अभी से तैयारी करने के निर्देश दिए।

सहायक क्षेत्रीय संभागीय परिवहन अधिकारी को छापों एवं निरीक्षणों की संख्या में बढ़ोत्तरी किए जाने तथा वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी मोहम्मद नासिर, उपजिलाधिकारी पिथौरागढ़ संतोष कुमार पाण्डेय, गंगोलीहाट विवेक प्रकाश, मुनस्यारी वैभव गुप्ता, धारचूला राजकुमार पाण्डेय, डीडीहाट सोहन सिंह सैनी, सीओ शेखर सुयाल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, जिला कार्यालय के समस्त पटल सहायक आदि उपस्थित थे।

सोनिया ने कांस्य पदक जीतकर किया चंदनी का नाम रोशन

बनबसा। केरल के कोच्चि में आयोजित राष्ट्रीय जुजित्सू प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में चन्दनी की सोनिया ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने जुजित्सू प्रतियोगिता के काम्बेट में कांस्य पदक जीता। बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली सोनिया वर्तमान में जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चन्दनी में कक्षा 9 में पढ़ती है। उन्हें इस प्रतियोगिता में भेजने के लिए मां ने ब्याज पर कर्ज लिया था। यह होनहार बालिका तमाम अभावों और आर्थिक तंगी के बावजूद पूर्व में भी प्रदेश स्तर पर पदक जीत चुकी है।

गुड़ से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली कर चोरी में पकड़ी

भगवानपुर। मंडी शुल्क चोरी कर ले जाई जा रही गुड़ से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को मंडी निरीक्षक ने रोक लिया और उससे जुर्माना वसूला। क्षेत्र के गांव चुड़ियाला से मंडी शुल्क चोरी कर गुड़ से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की सूचना पर मंडी निरीक्षक ने छापेमारी करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया। जिसमें मंडी निरीक्षक अलकेश सैनी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली स्वामी से बारह हजार रुपये का जुर्माना और तीन हजार रुपये का शुल्क वसूला गया है।

संविदा विद्युत कर्मियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

गरुड़

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

विद्युत संविदा श्रमिक संघ ने ठेकेदार पर वादे से मुकरने का आरोप लगाते हुए कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने उन्हें कई बार वेतन भुगतान करने का वायदा किया, जो आज तक पूरा नहीं हुआ।

विद्युत संविदा श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष नारायण सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विद्युत कर्मियों ने कहा कि उन्हें पांच माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वेतन भुगतान की मांग को लेकर उन्होंने पिछले माह जनवरी में आंदोलन किया था। ठेकेदार ने नौ जनवरी को वार्ता कर कहा कि एक सप्ताह के भीतर वेतन का भुगतान और सभी मांगों का समाधान कर दिया जाएगा। जिस पर कर्मियों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा बार- बार एक सप्ताह, एक सप्ताह की बात कही जा रही है, लेकिन भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है।

उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार से पांच फरवरी को फोन पर पुनः वार्ता की गई। तब ठेकेदार ने पंद्रह फरवरी तक भुगतान करने की बात कही। किंतु उन्हें भुगतान नहीं किया गया। ठेकेदार की बार- बार की वादा खिलाफी से कर्मियों में तीव्र रोष व्याप्त है। कर्मियों ने शीघ्र भुगतान न किए जाने पर कार्य बहिष्कार और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान कैलाश साह, अनिल पंत, प्रकाश खुल्बे, तारा दत्त शर्मा आदि मौजूद थे।

कैशलेस लेन-देन में ज्यादा जोर दें कर्मचारी

चंपावत

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

यहां विकास भवन सभागार में पंचायत कर्मियों को नकद रहित लेन-देन प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कर्मचारियों को कैश की जगह कैशलेस लेन-देन करने, टेण्डर, कोटेशन प्रक्रिया में नियमानुसार क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों पर विशेष ध्यान देने समेत विभिन्न जानकारियां दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज करते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी हेमेन्द्र प्रकाश गंगवार ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में होने वाले कार्यों हेतु शासन द्वारा 25 हजार तक स्वयं के विवेक पर एवं 2.50 लाख तक कोटेशन तथा उससे ऊपर की धनराशि के कार्यों हेतु टेंडर प्रक्रिया निर्धारित की गई है। उन्होंने कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया से इतर कार्य न करने की सलाह दी। उन्होंने जैम (गवर्नमेन्ट ई मार्केटिंग) पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इसके लिए जैम पोर्टल में पंजीकरण के बाद सामग्री की दरें, शर्तें देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण केवल सरकारी मेल आई से ही किया जा सकेगा। नकद रहित लेनदेन प्रशिक्षण को लीड बैंक अधिकारी आनन्द सिंह रावत व सीएससी जिला प्रबंधक कुलदीप भंडारी ने भी संबोधित किया।

टेंडर व कोटेशन प्रक्रिया में भौगोलिक स्थिति पर ध्यान देने की सलाह

प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्टेट बैंक के मैनेजर राहुल शर्मा, जिला पंचायतराज अधिकारी सुरेश बैनी, ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी जेसी ओली, मनोज पाण्डेय, रविन्द्र सिंह, ललित पाण्डेय, मदन मोहन, सुमन वर्मा, संगीता आर्या, दीपा सिंह, हेमा जोशी आदि उपस्थित थे।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक कल

अल्मोड़ा। मुख्य विकास अधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला, राज्य, केंद्र एवं वाह्य सहायतित योजनाओं व बीस सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक 19 फरवरी को अपरान्ह 2:30 बजे से विकास भवन सभागार में होगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यथा समय, यथा स्थान पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

अल्मोड़ा में पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्घाटन आज

अल्मोड़ा। विदेश मंत्रालय तथा डाक विभाग के तत्वावधान में यहां पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र का शुभारंभ 18 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे कपड़ा मंत्री अजय टम्टा द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनय कुमार तिवारी द्वारा दी गई।

मूंगफली विक्रेता व शराबी भिड़े, जमकर चले लात-घूंसे

अल्मोड़ा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में शाम होते ही जहां-तहां शराबियों का जमघट लग जाता है। शनिवार को मामूली बात पर माल रोड स्थित लोहे की शेर से बाजार को जाने वाले मार्ग में एक मूंगफली विक्रेता की एक शराबी से भिड़ंत हो गई। मामूली कहासुनी से शुरू हुई यह भिड़ंत लात-घूंसों और गाली-गलौच में तब्दील हो गई। मूंगफली विक्रेता का कहना था कि शराबी उससे बेवजह उलझ रहा था। इसके बाद दोनों एक -दूसरे पर टूट पड़े। इस लड़ाई के बीच वहां खड़े दोपहिया वाहन तक सड़क पर गिर गये। यह दोनों काफी देर तक गुत्थम गुत्था करते रहे। तमाशबीनों की भी काफी भीड़ जमा हो गई। मामला बढ़ता कि इससे पहले कुछ समझदार युवकों ने दोनों लोगों को बमुश्किल छुड़ाया। तब कहीं जाकर मामला निपटा। इधर स्थानीय लोगों का कहना था कि रोज शाम को कई लोग शराब के नशे में उत्पात मचाते हैं। पुलिस प्रशासन को ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

सात दिवसीय रचना दिवस महोत्सव का समापन

अल्मोड़ा। मोहन उप्रेती लोक संस्कृति कला एवं विज्ञान शोध समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय रचना दिवस महोत्सव का समापन तीन दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी के साथ हुआ। चित्रकला के माध्यम से कलाकारों ने पर्वतीय लोक कला एवं संस्कृति के विविध पहलुओं को उजागर किया। चित्रकला प्रदर्शनी का समापन प्रसिद्ध रंगकर्मी शिव चरण पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पांडे ने कहा कि इस प्रदर्शनी को देखने से लगता है कि हमारे यहां कला प्रेमियों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन शहर में लगातार किए जाने चाहिए जिनसे लोगों में चित्रकला के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। हेमंत जोशी ने हर्ष वर्धन साह के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शनी को एक सफल आयोजन बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के रचना दिवस कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत के कार्यक्रमों के साथ-साथ देश व उत्तराखंड की कला जगत की हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में शिवचरण पांडे, हर्षवर्धन साह, दीपक सिंह कनवाल, पूजा रावत, रश्मि सारथी, श्वेता साह, कंचन शर्मा, मनीश जोशी, अर्चित टण्डन, चंदन लाल, नमित जोशी आदि उपस्थित थे।

126 एयरपोर्ट पर यूनियन चुनावों में एएईयू की शानदार जीत

डोईवाला। देश के 126 एयरपोर्ट पर एक साथ हुए संगठनों के चुनावों में एयरपोर्ट ऑथारिटी इंप्लाइज यूनियन ;एएईयूद्ध ने शानदार तरीके से 72 वोटों से जीत हासिल की है।

देश के डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 7 फरवरी को हुए यूनियन के चुनावों में एयरपोर्ट ऑथारिटी इंप्लाइज यूनियन, कामगार यूनियन और भारतीय मजदूर संघ यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। 7 फरवरी को ही मतों की गिनती के बाद रात साढे नौ बजे तक एएईयू 30 वोट से आगे थी। लेकिन उसके बाद विभिन्न एयरपोर्ट से 370 के लगभग पोस्टल बैलट भी प्राप्त हुए। 16 फरवरी को पोस्टल बैलट की गिनती के बाद एएईयू को 72 वोटों से विजयी घोषित किया गया। एएईयू को कुल 4124 वोट ;49.30 प्रतिशतद्ध, कामगार यूनियन को 4052 ;48.43 प्रतिशतद्ध और मजदूर संघ को मात्र 190 वोट ;02.27 प्रतिशतद्ध मिले। कुल 8366 कर्मचारियों ने मतदान किया।देश के 126 एयरपोर्ट को कुल पांच रिजन दिल्ली, बंबई, कोलकाता, चेन्नई और नार्थ-ईस्ट गोवाहाटी रिजन में बांटा गया है। सभी रिजन के कर्मचारियों ने वोटिंग में भाग लिया है। दून एयरपोर्ट दिल्ली रिजन में शामिल हैं। इस रिजन में देहरादून, पंतनगर, आगरा और बनारस एयरपोर्ट में भी एएईयू यूनियन चुनाव में आगे रहा है। चुने हुए प्रतिनिधि अब देश के सभी एयरपोर्ट के लिए रिजनल सेक्रेट्री, जनरल सेक्रेट्री, रिजनल प्रेजीडेंट, प्रेजीडेंट और ऑल इंडिया प्रेजीडेंट आदि का चुनाव करेंगे। इस अवसर पर ब्रांच सेक्रेट्री सुभाष सिंह रावत, प्रेजिडेंट प्रवीन कुमार मलिक, राम निवास, चंदर सिंह रावत, बीएस रावत, राकेश मोहन, अजय यादव, नरेंद्र बिष्ट, वीके तोमर, अमित कुमार वर्मा, यादराम यादव, इसरार अहमद, एमएस त्रिपाठी उपस्थित रहे।

निखार के अंतर्गत सरकारी स्कूल में नई पहल

रुड़की। प्रमाज्योति फाउंडेशन की ओर से प्रोजेक्ट निखार के तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाई जाएगी। प्राइमरी स्कूल सालियर में संस्था ने बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाई और कापियां बांटी।फाउंडेशन से जुड़ी संध्या प्रकाश ने बताया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी बोलने और सिखाने की कक्षाएं शुरु की गई है। संस्था ने निःशुल्क क्लास चलाने की पहल की है। अंग्रेजी से दोस्ती शीर्षक से बच्चों को मनोरंजक तरीके से अंग्रेजी पढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट निखार पिछले साल नवंबर में शुरु किया गया। बच्चों के अंदर अंग्रेजी का डर निकालने और उनमें आत्म विश्वास बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है।

स्वास्थ्य शिविर में 375 ग्रामीणों की जांच

बनबसा। सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत टनकपुर पावर स्टेशन-एनएचपीसी द्वारा फागपुर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाकर 375 ग्रामीणों की जांच की गयी तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। इससे पूर्व फागपुर की ग्रामप्रधान गीता देवी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि टनकपुर पावर स्टेशन -एनएचपीसी के महाप्रबंधक रईस मियां ने दीप जलाकर शिविर का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि एनएचपीसी द्वारा क्षेत्र में गरीबों की हित को ध्यान में रखते हुए समय - समय पर चिकित्सा शिविर लगाकर दूरस्थ क्षेत्रों में ग्रामीणों की जांच कराई जाती है। साथ ही उन्हें एनएचपीसी द्वारा निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाती है। उन्होंने कहा कि एनएचपीसी द्वारा जन कल्याणकारी कार्य को क्षेत्र में पिछले दो दशक से लगातार संचालित किया जा रहा है। ग्राम प्रधान गीता देवी ने गांव में लगाए गए चिकित्सा शिविर के लिए एनएचपीसी का आभार जताया। शिविर में मरीजों का परीक्षण एनएचपीसी के डॉ. ज्योर्तिमय जैन, डॉ. मीरा जैन और डॉ. जय प्रकाश द्वारा किया गया। इस अवसर पर टनकपुर पावर स्टेशन के मुख्य अभियंता अभिताभ झा, वरिष्ठ प्रबंधक एचआर आनन्द टेम्भरे, प्रबंधक पीआर आरडी जोशी आदि लोग भी मौजूद थे।

समाज कल्याण शिविर की सफलता पर मंथन

बेतालघाट। कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य के निर्देशानुसार शिव मंदिर प्रांगण में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी आरएस सामन्त, पीआरओ एमएन जोशी एवं भुवन आर्या के साथ समाज कल्याण व राष्ट्रीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के संयुक्त तत्वावधान में शीघ्र लगने वाले कैम्प की रूपरेखा व कैम्प को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। विचार गोष्ठी में दीप रेखाड़ी, धीरज जोशी, दलीप नेगी, नवीन कश्मीरा, गणेश काण्डपाल, विमला उप्रेती, माया बोहरा, अम्बा दरमाल आदि लोग उपस्थित थे।

गोष्ठी में तय किया गया कि नैनीताल जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि व बूथ कार्यकर्ता अपने अपने गांव व क्षेत्र के सभी दिब्यांगों की सूची नाम, उम्र, पता, दिब्यांगता का प्रकार सहित जानकारी 25 फरवरी तक समाज कल्याण विभाग में उपलब्ध करा दें। सामाजिक कार्यकर्ता कुलवंत सिंह जलाल ने जरूरत मन्द लोगों से इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

ललित बिनवाल स्मारक समिति का कार्यक्रम

एडम्स गर्ल्स इंटर कालेज में टॉपर छात्राएं सम्मानित

अल्मोड़ा

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

समारोह

- बालिकाओं से आगे आकर दुर्गा, चण्डी व काली के रूप में समाज को दिशा देने का आह्वान
- लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन

स्व. ललित बिनवाल स्मारक समिति रामनगर नैनीताल के तत्वावधान में एडम्स गर्ल्स इंटर कालेज के मुख्य हाल में आयोजित सम्मान समारोह में वर्ष 2017 में विद्यालय की टॉपर रही छात्राओं को सम्मानित किया गया। विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन कर अव्वल रहे प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में हाईस्कूल की मीनाक्षी अंडोला, जया लटवाल, रश्मि पंत, इंटर की बबीता चम्याल, आशा बधरी, प्रेरणा स्यूनरी, ज्योत्सना सोनकर तथा प्रत्येक विद्यालय की निर्धन व मेधावी छात्राओं दीपा जोशी, गायत्री कनवाल, कमला खत्री को नगद एक हजार रुपये व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। समाज में उत्कृष्ट कार्य के आधार पर प्रधानाचार्या सीमा जोशी को शैक्षिक व अनुशासन, उषा उप्रेती को मेडिकल के क्षेत्र में, जेएस रावत को जल संवर्धन प्रयास, प्रकाश जोशी को सामाजिक सांस्कृतिक क्षेत्र में शॉल ओढ़ाकर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई जिसमें 50 प्रश्न विभिन्न विषयों से थे। जिनमें वर्तमान घटनाक्रम, वैदिक काल, इतिहास, भूगोल, राजनीति शास्त्र, गणित, विज्ञान, मनोविज्ञान, विश्लेषणात्मक समस्या आदि शामिल रहे। इस प्रश्न पत्र को 30 मिनट में हल करना था। इसमें प्रथम पूर्णिमा पंत, द्वितीय कनक गुप्ता एवं तृतीय निकिता बिष्ट रहीं। सांत्वना पुरस्कार निष्ठा पाठक ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक व आयोजक गिरीश चंद्र मल्होत्रा थे। निबंध प्रतियोगिता जूनियर वर्ग हेतु जिलाधिकारी ईवा आशीष द्वारा 'स्वच्छता मेरा कर्तव्य ही नहीं, वरन धर्म भी' विषय पर दिया गया था। इसमें प्रथम हर्षिता पंत, द्वितीय भावना तिवारी, तृतीय दीपा जोशी व चतुर्थ स्थान ज्योति ने प्राप्त किया। इसके निर्णायक केसी जोशी, गोपाल सिंह मेहता रहे। इन विजयी प्रतिभागियों को जिलाधिकारी ईवा आशीष की ओर से स्वच्छता के लिए रौल मॉडल भी घोषित किया गया। निबंध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग हेतु वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक पी. रेणुका देवी द्वारा 'दुर्घटना का मूल कारण यातायात नियमों का उल्लंघन' विषय पर दिया गया जिसमें प्रथम दीक्षा कांडपाल, द्वितीय मुस्कान चौहान, तृतीय आरती मेर व चतुर्थ स्थान ललिता बाफिला ने प्राप्त किया। इन्हें यातायात के लिए एसएसपी द्वारा रोल मॉडल व एम्बेसडर भी घोषित किया गया। इसके निर्णायक गिरीश चंद्र नेगी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर स्व. ललित बिनवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए हुई। टापर छात्राओं को मुख्य मंच पर बैच अलंकरण कर सम्मानित करते हुए मंच पर ही मुख्य अतिथि व अन्य सम्मानित जनों के साथ बैठाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डे केयर सेंटर के अध्यक्ष अरूण पंत द्वारा की गयी व मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने बालिकाओं से आगे आकर दुर्गा, चण्डी, व काली के रूप में समाज को दिशा देने का आह्वान किया। इंस्पेटर नारायण सिंह ने यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैलाश छिम्वाल, देवकी बिनवाल, डी गुप्ता, हेमा बवाड़ी, कमल बिष्ट, प्रदीप गुरूरानी, दीप गुणवंत, अमित पांडे, गिरीश सत्यवली, हेम पांडे, देवेंद्र धामी, प्रकाश भट्ट, हरीश कनवाल, बहादुर सिंह, नवीन सती, राजेंद्र छिम्वाल, अजय छिम्वाल, रेनू छिम्वाल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व मणमान्यजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश चंद्र मल्होत्रा ने किया।

विभिन्न ब्लाकों में होगी फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना

अल्मोड़ा। कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि प्रसार एवं प्रौद्योगिकी मिशन - एनएमएईटी के अंतर्गत सब मिशन ऑन मैकेनाइजेशन- एसएमएएम कार्यक्रम हेतु 2017-18 में जनपद के विभिन्न विकास खंडों के विभिन्न न्याय पंचायतों में फार्म मशीनरी बैंकों की स्थापना की जानी है। प्रत्येक फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना स्वयं सहायता समूह में की जानी आवश्यक है जिसमें कम से कम 8 सदस्यों का होना अनिवार्य है। सदस्यों की संख्या इससे अधिक भी हो सकती है। पूर्व में गठित स्वयं सहायता समूह भी मान्य होंगे। साथ ही कृषकों द्वार नया समूह गठित कर भी इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। प्रत्येक फार्म मशीनरी की स्थापना हेतु 10 लाख तक की इकाई के लिए 80 लाख अथवा मूल्य का 80 प्रतिशत जो भी कम हो, राज सहायता अनुमन्य है।